हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 एग्रीस्टैक पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश ...

12 अरिहंत एकेडमी में पुलिस ने चलाया ...




## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** प्रसाधन के लिए गए युवक को एक अन्य युवक ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम खुंटेरी निवासी देवव्रत ठाकुर ने पुलिस को बताया कि रात्रि 10 बजे गुलाब मार्केट बस स्टैण्ड के पास गुण्डरदेही के पास प्रसाधन करने गया था, उसी समय वैभव वाधवानी के द्वारा तुम यहां क्यों आये हो, यहां पर गाडी चोरी होता है कहकर गाली गलौच करते हुये हाथ मुक्का से मेरे दोनों गाल को मारपीट किये है। मारपीट करने से मेरे गाल में दर्द हो रहा है।

### 4 वर्षीय बच्ची को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

**बालोद।** सायकिल से दुकान से सामान लेकर वापस घर आ रही बच्ची को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बच्ची की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनेली निवासी निकिता यादव 4 वर्ष ग्राम के दुकान में सामान लेने के लिए अपने सायकल के माध्यम से गई थी, जहां बच्ची सामान लेकर वापस घर आ रही थी। इसी दौरान बच्ची को एक ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार दी। जिसमें बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जिसके बाद आस पास के लोगो व परिजन बच्ची को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद बच्ची के शव का पीएम करने के बाद पुलिस ने शव को परिजनो को सौप दिया। वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### विद्यालय परिसर में 29 हरे पेड़ों की कटाई पर प्रधान पाठक निलंबित

**गुरूर।** विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़भूम मे 29 पुर्ण विकसित पेड़ों को काटने के मामले मे लापरवाही बरतने के आरोप मे प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई स्कूल परिसर में लगभग 29 हरे–भरे पेड़ों की कटाई को बिना सक्षम अधिकारियों की अनुमति व समिति के प्रस्ताव की जानकारी उच्च अधिकारियों को समय पर नही देने के कारण की गई है। संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा 8 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश में कहा गया है कि प्रधान पाठक डोंगर सिंह निषाद ने स्कूल विकास समिति के प्रस्ताव के आधार पर उच्च कार्यालय को जानकारी दिए बिना ही विद्यालय परिसर में लगभग 29 हरे–भरे पेड़ों की कटाई कराई, विभाग ने इसे शासकीय कार्योर् के प्रति गंभीर लापरवाही, कर्तव्य की उपेक्षा मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शेष पेज 10 पर

### पति, सास, ससुर और ननद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दहेज प्रताड़ना मामले में पति समेत चार गिरफ्तार नवविवाहिता की मौत के बाद पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज | बालोद



नव विवाहिता की मृत्यु एवं दहेज प्रताड़ना प्रकरण में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मृतिका से दहेज मांग करने वाले आरोपीगण के विरूद्ध थाना गुरूर मे अपराध पंजीबद्ध किया है। नव विवाहिता ने प्रताड़ित होकर फांसी लगायी थी, मामले मे आरोपी पति, सास, ससुर व ननद को गिरफ्तार किया गया।

मामला 24 फरवरी 2026 को वार्ड क्र. 02 गुलमोहर कॉलोनी गुरूर का है। किराये के मकान मे निवासरत मीनाक्षी भतरिया 28 वर्ष अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, उसका पति प्रवीण कुमार भतरिया रजिस्ट्रार ऑफिस गुरूर में दैनिक वेतन भोगी के रूप में बतौर आपरेटर का काम करता था, घटना की रिपोर्ट पर थाना गुरूर मे धारा 194 बीएनएसएस कायम किया गया था। पंलिस ने बताया कि मृतिका के परिजनों से एवं जांच के दौरान पता चला कि मृतिका नव विवाहिता थी, तब मौके पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गुरूर की उपस्थिति में शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया। सायबर सेल बालोद की मदद से मृतिका व उसके पति का मोबाईल नंबरों का कॉल डिटेल प्राप्त किया गया तथा मृतिका के मायके पक्ष मृतिका की मां पुष्पा बाई खरे, पिता अजय खरे, बहन माधवी खरे, भाई अनिल कुमार व अन्य सामाजिक व्यक्तियों का कथन लिया गया, जिसमे पता चला कि मृतिका मीनाक्षी भतरिया को विवाह उपरांत उसके पति प्रवीण कुमार भतरिया व उसके ससुराल वाले ससुर पग्गू लाल भतरिया, सास गीता भतरिया व डेढ़सास करूणा भतरिया द्वारा मृतिका मीनाक्षी भतरिया को कम दहेज लायी हो, नौकरानी की तरह रहना पड़ेगा, तुम हम लोगों को पसंद नही हो, रंग रूप व दहेज की बातों को लेकर बार–बार प्रताड़ित करते थे, जिससे परेशान होकर मीनाक्षी भतरिया 24 फरवरी 2026 को अपने मकान गुरूर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। संपूर्ण मर्ग जांच पर मामला धारा 80(1),80(2),3(5) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने से 07 जुलाई को अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अपराध कायमी के तत्काल बाद एसडीओपी गुरूर माया शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपीगणों को उसके निवास ग्राम पथर्रा जिला दुर्ग भेजकर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, प्रकरण में मृतिका के पति प्रवीण कुमार भतरिया व उसका ससुर पग्गू लाल भतरिया, सास गीता भतरिया व डेढ़सास करूणा भतरिया के विरूद्ध दहेज के नाम पर प्रताड़ित करने के संबंध में पर्याप्त अपराध धारा का सबूत पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर रिमाण्ड में सीजेएम न्यायालय बालोद पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया है।

## बारिश से किसानों के खिले चेहरे, खरीफ की बुवाई और रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज | डौंडीलोहारा

- लाइ चोपी पद्धति से हो रही बुवाई, मजदूरों और कृषि उपकरणों की बढ़ी मांग



विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी है। पर्याप्त वर्षा होने से खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई, रोपाई और मताई से जुड़े कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने अब पूरे उत्साह के साथ खेती-किसानी के कार्य शुरू कर दिए हैं। खेतों में अत्यधिक पानी भरने की वजह से ज्यादातर किसान लाइ चोपी पद्धति से बुवाई कार्य कर रहे हैं। बारिश के बाद कृषि गतिविधियों में तेजी आने से किसानों को हल, ट्रैक्टर तथा कृषि मजदूरों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद किसान आसपास के गांवों से मजदूर बुलाकर खेती का कार्य समय पर पूरा करने में जुटे हुए हैं। ग्राम गैजी के किसान श्याम ठाकुर और पेमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से न केवल खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं, बल्कि भीषण गर्मी से झुलस शेष पेज 10 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

### फर्जी ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी से रहें सावधान, परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**बालोद।** राज्य में साइबर क्राइम से संबंधित सामने आ रहे विभिन्न मामलों को देखते हुए परिवहन विभाग द्वारा आम नागरिकों और वाहन स्वामियों के लिए विशेष सतर्कता निर्देश जारी किए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधियों और ठगों द्वारा फर्जी ई–चालान के नाम पर एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ठगों द्वारा फर्जी मैसेज भेजकर यह डराया जाता है कि आपकी गाड़ी का चालान कटा है और तुरंत भुगतान करें, अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। संदेशों में 'ई–चालान डाट एक्स वाय जेड' या 'क्लिक पे डाट लाइव' जैसे नकली लिंक संलग्न होते हैं। इन लिंक्स को क्लिक करते ही फर्जी वेबसाइटें शेष पेज 10 पर

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज | बालोद

- अपहरण कर रायपुर ले गया था आरोपी, पीड़िता के पुनर्वास के लिए 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति की अनुशंसा

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में बालोद की विशेष पॉक्सो अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी, पॉक्सो कृष्ण कुमार सूर्यवंशी की अदालत ने आरोपी रमेश मरकाम उर्फ अश्वनी उर्फ प्रदीप वर्मा 41 वर्ष को अपहरण और दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए अलग–अलग अवधि की सजा और अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने पीड़िता को 5 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने की अनुशंसा भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी है।

न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड, धारा 87 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक बसंत कुमार देशमुख के अनुसार, 31 अगस्त 2024 को नाबालिग घर से बिना बताए चली गई थी। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन पीड़िता के पिता ने थाना बालोद में शिकायत दर्ज कराते हुए रमेश वर्मा पर संदेह जताया, क्योंकि वह मोटरसाइकिल लेकर गया था और उसका मोबाइल भी बंद था। पुलिस ने जांच के दौरान रायपुर स्थित एक होटल से नाबालिग को आरोपी के कब्जे से बरामद किया।

पीड़िता के बयान में आरोपी द्वारा कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने की बात सामने आने पर पुलिस ने मामले में पॉक्सो अधिनियम सहित भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराएं जोड़ दी। विवेचना पूरी होने के बाद 29 नवंबर 2024 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना शेष पेज 10 पर

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में महिला दोषी करार, विशेष न्यायालय ने सुनाई तीन वर्ष की सजा

**बालोद।** अनुसूचित जनजाति की एक महिला के घर में जबरन घुसकर जातिसूचक गाली–गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बालोद के विशेष एससी–एसटी न्यायालय ने आरोपी महिला को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय प्रधान विशेष एवं सत्र न्यायाधीश एस.एल. नवरत्न की अदालत ने 7 जुलाई 2026 को सुनाया। न्यायालय ने आरोपी टिकरापारा वार्ड क्रमांक 4, बालोद निवासी आरती जई (खन्ना), पति प्रांजल जई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(6) सहपठित धारा 3(5) के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 324 (2) सहपठित धारा 3(5) तथा धारा 115(2) सहपठित धारा 3(5) के तहत एक–एक माह के सश्रम कारावास एवं 500–500 रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। विशेष लोक अभियोजक पुष्पदेव साहू के अनुसार, प्रार्थिया दुर्गेश्वरी ठाकुर ने थाना बालोद में दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि 22 अक्टूबर 2025 की शाम आरोपी शेष पेज 10 पर




## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा, ग्राम पंचायतों में संशोधित ट्राइसाइकिल से होगा चार प्रकार के कचरे का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज | बालोद

- लाल डिब्बे में सैनिटरी अपशिष्ट और पीले डिब्बे में ई-कचरा, घरों में चार डस्टबिन रखने की अपील



सुप्रीम कोर्ट एवं राज्य कार्यालय के निर्देशों के परिपालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुरूप ट्रायसाइकिल में लाल डिब्बा सेनेटरी पैड, डाइपर के लिए एवं पीला डिब्बा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के लिए संशोधित किया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों में कम से कम 04 प्रकार के डस्टबिन का उपयोग करें तथा गीला, सूखा, सैनिटरी एवं घरेलू जोखिमयुक्त कचरे को अलग–अलग संग्रहित कर स्वच्छता कर्मियों को सौंपें। कचरे का पृथक्करण न केवल स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाता है बल्कि पुनर्चक्रण, संसाधन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ग्राम स्तर पर कचरा संग्रहण एवं परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा पुराने एवं अनुपयोगी हो चुके ट्राइसाइकिल वाहन का संशोधन (मॉडिफिकेशन) कर उसे पुनः उपयोग योग्य बनाया गया है। यह पहल संसाधनों के संरक्षण, लागत में कमी तथा पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्राम पंचायत द्वारा संशोधित ट्राइसाइकिल में गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू जोखिमयुक्त तथा सैनिटरी अपशिष्ट के पृथक संग्रहण हेतु अलग–अलग खंड विकसित किए गए हैं। वाहन पर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने वाले संदेश एवं स्वच्छता संबंधी नारे भी प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे घर–घर कचरा संग्रहण के दौरान जनजागरूकता का कार्य भी किया जा रहा है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुसार स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, पृथक संग्रहण, परिवहन एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत द्वारा पुराने ट्राइसाइकिल का पुनः उपयोग करते हुए कम शेष पेज 10 पर

# महावीर कॉलोनी में नाली का घटिया निर्माण

## मानकों में कमी मिलने पर ठेकेदारों को कड़ी फटकार सुधार नहीं होने पर काम रोकने व ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 38 बैद्यनाथ पारा स्थित महावीर कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 15-15 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन दो नाली निर्माण के दौरान घटिया काम किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, पार्षद रामचंद्र सेन, अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों के साथ स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, गहराई, चौड़ाई तथा उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का बारीकी से परीक्षण कराया। स्थानीय नागरिकों द्वारा नाली निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किए जाने की शिकायत पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। देव नारायण चन्द्राकर ने स्वयं टेप से नालियों की नाप-जोख कराया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदारों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राजीव झा तथा संबंधित ठेकेदारों को सख्त फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि निर्माण कार्य में तत्काल सुधार नहीं किया गया तो कार्य रोकने के साथ-साथ संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।



### गुणवत्ता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कार्रवाई के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे प्रत्येक विकास कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही, अनियमितता या मानकों से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता अथवा गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को ठेकेदार राजीव झा एवं मनीष सोनी और राहुल सिंह के विरुद्ध आवश्यक जांच के लिए सैंपल लेकर लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिस फर्म के द्वारा गलत कार्य किया जा रहा पाया जाएगा। ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

### निष्पक्ष जांच के बाद दोष सिद्ध होने पर ब्लैक लिस्टेड होगी एजेंसी

महापौर ने साथ ही निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी निर्माण कार्य में बरती जा रही कथित अनियमितताओं से महापौर को अवगत कराया। महापौर ने सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान पार्षद रामचंद्र सेन, पार्षद रंजीता पाटिल, पार्षद सुरुचि उमरे, पार्षद सावित्री दमाहे,ललिता ठाकुर, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, उप अभियंता मोहित मरकाम सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा परामर्श शिविर में लोग हुए लाभान्वित

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई के तत्वावधान में सर्व समाज के जरूरत मंद लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। महासचिव एन आर गिलहरे ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सेवाएं देने डॉ. जीवन लाल घीड़ले पेट, लीवर रोग विशेषज्ञ सेवानिवृत बीएसपी हॉस्पिटल सेक्टर -9, डॉ. एडी बनर्जी छाती रोग विशेषज्ञ सेवानिवृत बीएसपी हॉस्पिटल सेक्टर-9, डॉ. संगीता पात्रे प्रसूति, स्त्री रोग, निः संतानता विशेषज्ञ तथा डॉ. रितु कुर्रे चर्म रोग विशेषज्ञ मौजूद थे।

### वृद्ध लापता, अपहरण की आशंका, थाने में शिकायत



**भिलाई।** घर ने बिना बताए निकले 79 वर्षीय रसीद अचानक लापता हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक वे फलक नुमा मस्जिद, जुनवानी रोड के पास स्थित अपने घर से रसीद निकले थे। अब तक अपने घर नहीं पहुंच पाए है। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वे शर्ट एवं पैंट पहने, हाथ में पीले रंग का थैला है। अपहरण की आशंका बनी हुई है। बहरहाल पुलिस मामले में पतासाजी कर रही है। बुजुर्ग के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### पावर हाउस फल मंडी में गंदगी का अंबार



**भिलाई।** पावर हाउस फल मंडी में कचरों की भरमार है, जिससे गंदगी व बदबू का वातावरण है। कोई सुध नहीं ले रहा, इतनी गंदगी और बदबू आ रही है। सूर्य नगर बस्ती में सड़े-गले फल को फेंक दिया जाता है। निगम में कई बार बस्ती के लोगों ने अपनी समस्या को बताया उसके बाद भी उसका समाधान नहीं निकला फल मंडी वाले फल को पूरा वहीं फेंक देते हैं, जिससे फल सड़ जाता है। पूरा बदबू से वहां के रहवासी परेशान है। निगम के अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ले रहा है।

### धमकी देने के मामले में दो दोषी करार न्यायालय ने सुनाई सजा

**दुर्ग।** शहर के कारोबारी और सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू को जान से मारने की धमकी देने के मामले में दुर्ग कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने 2 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 1-1 साल साधारण कारावास और 500-500 जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर 10 दिन की अतिरिक्त जेल होगी। मिली जानकारी जानकारी के मुताबिक दोषी करार दिए गए आरोपी हैं राजेश कुमार गुप्ता और समाजसेवी स्व. मंगा सिंह के बेटे सतबीर सिंह उर्फ सोनू है। कुछ साल पहले 3 जनवरी को इंद्रजीत सिंह छोटू की हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी, हथखोज भिलाई के ऑफिस में पंजीयन डाक से सफेद लिफाफा आया था।

## 'मन की बात' और प्रशिक्षण महाअभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने पर दिया जोर

# डौंडीलोहारा में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, बूथ संगठन मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष के निर्देश पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी चंदूलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है तथा अनेक देशों के साथ भारत के संबंध और अधिक सुदृढ़ हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर नियमित रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम सुनें और आमजन को भी इससे जोड़ें। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल प्रशिक्षण दिलाकर प्रमाण-पत्र प्राप्त कराने का लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने भाजपा के छह प्रमुख कार्यक्रमों को बूथ से लेकर मंडल स्तर तक प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा प्रत्येक बूथ पर एक रजिस्टर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विधानसभा के पांचों मंडल अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों एवं भाजपा के चल रहे अभियानों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता अभी से पूरी मेहनत और समर्पण के साथ संगठन विस्तार में जुटेंगे तो आगामी विधानसभा चुनाव में डौंडीलोहारा विधानसभा में भाजपा का परचम अवश्य लहराएगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नोहरू राम निषाद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद डौंडीलोहारा विधानसभा में भाजपा का विधायक नहीं होने से कई योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने तथा संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया।





जिला प्रभारी संध्या परगनिया ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बालोद जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा विजय हासिल करेगी। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटना होगा। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र माहला, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, सहकोषाध्यक्ष मनीष झा, जिला उपाध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, जिला मंत्री सोमेश सोरी, श्याम जायसवाल, देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, उत्तरा घरेंद्र, योगेंद्र सिन्हा, रुपेश नायक, दल्ली राजहरा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, डौंडी नगर पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी चोरका, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष संदीप जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चात विधानसभा प्रभारी चंदूलाल साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, एल्डरमैन धीरेंद्र टॉक, लता गुप्ता, जीवराखन कौमार्य, पार्षद रेवती कोलियारे, शिवानी भंसाली, वीर सिंह ठाकुर, दिलीप बाफना, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करोड़ों की लागत से बना आदर्श गोकुल गौठान वीरान

## स्वरोजगार योजनाएं ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

विकासखंड डोंडी के ग्राम भर्रीटोला-43 में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित आदर्श गोकुल गौठान और चारागाह आज उपेक्षा का शिकार हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सत्ता परिवर्तन के बाद गौठान में संचालित स्वरोजगार की सभी गतिविधियां बंद हो गई हैं, जिससे महिला स्व-सहायता समूहों का रोजगार भी समाप्त हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2019 में 3 एकड़ भूमि पर गौठान और 10 एकड़ भूमि पर चारागाह विकसित किया गया था। मनरेगा के तहत पशु शेड, वर्मी टांका, भंडारण कक्ष, चरवाहा कक्ष, पानी टंकी, पहुंच मार्ग सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए थे। वहीं क्रेडा द्वारा सोलर पंप, उद्यानिकी विभाग द्वारा स्प्रिंकलर और चारागाह की अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई थीं। गौठान में महिला स्व-सहायता समूह गोबर खरीदी कर वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर रहे थे। इसके अलावा चारा उत्पादन और मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों से महिलाओं को गांव में ही रोजगार मिल रहा था, लेकिन वर्तमान में सभी गतिविधियां बंद पड़ी हैं।



■ सत्ता परिवर्तन के बाद बंद हुई गतिविधियां, ग्रामीणों ने गौठान को फिर से शुरू करने की उठाई मांग

ग्रामीणों ने बताया कि जल संरक्षण के लिए करीब 2.55 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉपडेम, बोल्डर चेक डेम, टोवाल और पिचिंग जैसे कार्य भी कराए गए थे। वर्तमान में इनका उपयोग केवल जलभराव और निस्तारी तक सीमित रह गया है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गौठान को पुनः सक्रिय किया जाए, बेसहारा मवेशियों को वहां रखा जाए तथा महिला स्व-सहायता समूहों के लिए स्वरोजगार योजनाएं दोबारा शुरू की जाएं, ताकि किसानों और ग्रामीणों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

# आम लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ सहजता से मिले: कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य पूरे नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी बैंकर्स को शासन के मंशानुरूप आम नागरिकों को आसानी से बैंकिंग सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि क्षितिज वर्मा, लीड बैंक मैनेजर आदर्श बेले सहित महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग, कार्यपालन अधिकारी अंत्याव्यसायी सहकारी समिति, सहायक संचालक मत्स्य सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों के अलावा बैंकर्सगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज के लिए निर्धारित लक्ष्य एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कार्यों में अपेक्षित प्रगति नही होने पर संबंधित बैंकर्स के विरूद्ध कार्यवाही की भी चेतावनी दी। बैठक में कलेक्टर ने 2025–26 के एनुअल क्रेडिट प्लान एवं आरसेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जागरूकता कैंप का आयोजन तथा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आदि के कार्योंर् की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी बैंकर्स को अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनता को सुगमता के साथ बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 31 तक आवेदन, खरीफ 2026 की अधिसूचना जारी

**बालोद।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचना 04 जुलाई को जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि खरीफ सीजन 2026 के लिए 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

कृषि विभाग के उपसंचालक आशीष चंद्राकर ने बताया कि योजनांतर्गत धान सिंचित एवं धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, अरहर, उड़द, मूंग, कोदो, कुटकी एवं रागी फसल को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित फसलों का फसल बीमा ऋणी किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति या बैंकों के माध्यम से करा सकते हैं। अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र (सीएससी) या बैंक के माध्यम से अथवा अपने मोबाइल में 'क्रॉप इंश्योरेंस ऐप' के जरिए भी स्वयं बीमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अऋणी कृषकों को बीमा पंजीयन के लिए आधार कार्ड, फसल बुआई प्रमाण पत्र, बैंक खाते से संबंधित दस्तावेज, किसान का वैध मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। इसके साथ ही बटाईदार, कास्तकार और साझेदार किसानों के लिए फसल साझा या कास्तकार का घोषणा प्रमाण पत्र एवं भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेज (ऋण पुस्तिका, खसरा) आवश्यक हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसान कृषि अधिकारी, राजस्व अधिकारी, बैंक, सीएससी केंद्र एवं एचडीएफसी के क्षेत्रीय, जिला या ब्लॉक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को खरीफ वर्ष 2026 में फसल बीमा कराने हेतु 'किसान आईडी' अनिवार्य किया गया है।

■ धान सहित 10 फसलें अधिसूचित, फसल बीमा के लिए किसान आईडी अनिवार्य

यदि किसी किसान की आईडी नहीं बनी है, तो वे अपनी आईडी संबंधित बैंक या लोक सेवा केंद्र में बना सकते हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 31 जुलाई से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य करा लें।

## पेज 9 के शेष

### बारिश से किसानों के खिले ...

रहे पेड़-पौधों में भी हरियाली लौट आई है। साथ ही पशु-पक्षियों को भी राहत मिली है और मौसम सुहावना हो गया है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह समय-समय पर अच्छी बारिश होती रही तो खरीफ फसल के साथ-साथ रबी फसल के लिए भी पर्याप्त नमी बनी रहेगी। इससे उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। समय पर हुई बारिश ने किसानों की चिंता दूर कर उनके मन में अच्छी फसल की नई उम्मीद जगा दी है।

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में ...

अपनी बेटी किजल के साथ जबरन उसके घर में घुस गई। आरोप है कि दरवाजे पर लात मारकर प्रवेश करने के बाद आरोपी ने हॉकी स्टिक से प्रार्थिया और उसकी मां के साथ मारपीट की। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने दोनों महिलाओं के साथ जातिसूचक एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, जान से मारने की धमकी दी तथा बाल पकड़कर मारपीट की। घटना में घायल प्रार्थिया का जिला अस्पताल बालोद में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत गवाहों, दस्तावेजों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उपरोक्त सजा सुनाई। मामले की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक बोनीफास एक्का एवं निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने की, जबकि शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पुष्पदेव साहू ने प्रभावी पैरवी की।

### नाबालिग से दुष्कर्म के ...

उपनिरीक्षक कमला यादव ने की, जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत कुमार देशमुख ने प्रभावी पैरवी की। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई। साथ ही पीड़िता के शारीरिक एवं मानसिक पुनर्वास के लिए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना–2018 के तहत 5 लाख रुपये की सहायता राशि दिए जाने की अनुशंसा की।

### विद्यालय परिसर में 29 हरे पेड़ों ...

दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, डौंडी लोहारा निर्धारित किया गया है, तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को एक सप्ताह के भीतर आरोप पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे ने कहा उच्च कार्यालय द्वारा उन्हे निलंबित कर दिया गया है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा...

लागत में एक प्रभावी कचरा संग्रहण वाहन तैयार किया गया है। इससे पंचायत को नए वाहन की खरीद पर होने वाले व्यय से बचत होगी तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। संशोधित ट्राइसाइकिल के माध्यम से स्वच्छता कर्मचारी नियमित रूप से घर–घर जाकर पृथक कचरा संग्रहित करेंगे। संग्रहित गीले कचरे का प्रसंस्करण कम्पोस्टिंग अथवा अन्य वैज्ञानिक विधियों से किया जाएगा, जबकि सूखे कचरे को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट अथवा पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। सैनिटरी एवं घरेलू जोखिमयुक्त अपशिष्ट का भी नियमानुसार पृथक प्रबंधन किया जाएगा।

### फर्जी ई-चालान के नाम पर ...

खुल जाती हैं, जो नागरिकों से बैंक डिटेल, कार्ड नंबर और ओटीपी मांगकर उनके खाते से राशि आहरित कर लेती हैं। उन्होंने बताया कि कई बार ठगों द्वारा एपीके फाइल डाउनलोड कराकर नागरिकों का मोबाइल हैक कर लिया जाता है। इसके पश्चात इसी एपीके फाइल के माध्यम से संबंधित व्यक्ति के मोबाइल से अन्य लोगों को भी एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए फर्जी लिंक भेजे जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विभाग द्वारा कभी भी एसएमएस या व्हाट्सएप पर सीधे भुगतान के लिए लिंक नहीं भेजा जाता है और न ही 'तुरंत भुगतान करें वरना कार्रवाई होगी' जैसी धमकी भरे संदेश प्रसारित किए जाते हैं। ऐसे संदेशों के प्रति सतर्कता ही असली सुरक्षा है। परिवहन विभाग द्वारा समस्त नागरिकों एवं वाहन स्वामियों को सूचित किया गया है कि वे किसी भी अजनबी अथवा अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें। अपने बैंक खाते से संबंधित अत्यंत गोपनीय जानकारियां जैसे ओटीपी, सीवीवी और यूपीआई पिन किसी से भी साझा न करें। ई–चालान चेक करने या ऑनलाइन चालान का सुरक्षित भुगतान करने के लिए केवल परिवहन विभाग की आधिकारिक विभागीय वेबसाइट अथवा 'एम–परिवहन' ऐप का ही इस्तेमाल करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का संदिग्ध मैसेज प्राप्त होने या साइबर ठगी की आशंका होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर क्राइम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## खबर संक्षेप



### हिन्दू देवता के कथित अपमान पर भड़की युवा कांग्रेस, नितिन नवीन का पुतला फूंका

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के एक रोड शो के दौरान भगवान बजरंगबली के कथित अपमान का आरोप लगाते हुए जिला युवा कांग्रेस ने जिला मुख्यालय के जयस्तंभ चौक में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उनका पुतला दहन किया और पूरे मामले में सार्वजनिक माफी की मांग की। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि रोड शो के दौरान हिंदू आस्था के प्रतीक भगवान बजरंगबली के सम्मान के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार किया गया, जिससे करोड़ों सनातनी हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने इस घटना को धार्मिक आस्था से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। जिला युवा कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्वयं को सनातन धर्म की हितैषी बताती है, ऐसे में यदि उसके कार्यक्रमों में इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं तो पार्टी को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए देशभर के हिंदू समाज से बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। ययुंका ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा द्वारा शीघ्र सार्वजनिक माफी नहीं मांगी गई तो युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में जिला एवं प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करेगी। विरोध प्रदर्शन में स्थानीय कांग्रेस नेताओं, जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने धार्मिक भावनाओं के सम्मान की मांग करते हुए कथित घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई तथा भाजपा की ओर से सार्वजनिक माफी की मांग दोहराई।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम उमरपोटी के पास दबिश देकर भाठापारा ग्राम सेलूद उतई हिमांशु दास मानिकपुरी को पकड़ा गया।

### देशी शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रायपुर बायपास रोड अहिवारा स्थित चाय-नाश्ता ठेला में दबिश देकर वार्ड 1 अहिवारा निवासी . मनोज साहू उर्फ मोनू साहू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 45 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त किया गया है।

---

कलेक्टर ने शत-प्रतिशत किसान पंजीयन सुनिश्चित करने कहा, नजूल पट्टाधृति अधिनियम-2023 पर भी मिला प्रशिक्षण

# एग्रीस्टैक पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया वर्चुअल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के राजस्व अधिकारियों को आयुक्त भू अभिलेख कार्यालय के प्रशिक्षकों के द्वारा एग्रीस्टैक बैकेटिंग के संबंध में वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिले के राजस्व अधिकारियों ने वर्चुअल प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इसके साथ ही अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने एनआईसी कक्ष में राजस्व अधिकारियों को नजूल पट्टाधृति अधिनियम 2023 के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को एग्रीस्टैक पोर्टल में जिले के शत प्रतिशत किसानों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए। इसके लिए उन्होंने इसका समुचित प्रचार–प्रसार भी करने को कहा। इस दौरान आयुक्त भू–अभिलेख कार्यालय रायपुर के प्रशिक्षकों ने



एग्रीस्टैक बैकेटिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया कृषि क्षेत्र का एक डिजिटल इकोसिस्टम (पहचान पत्र) है। इसमें हर किसान को एक विशिष्ट किसान आईडी दी जाती है, जो उनके आधार कार्ड, बैंक खाते और जमीन के रिकॉर्ड (खेत का ब्यौरा) को एक साथ जोड़ती है। उन्होंने एग्रीस्टैक से जुड़े मुख्य बिंदुओं के संबंध जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक आईडी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और खाद, बीज सब्सिडी का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुँचता है। किसानों को हर सरकारी सुविधा के लिए बार–बार कागज (खसरा–खतौनी) जमा करने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सारा डेटा डिजिटल होता है। बैंकों को किसानों की जमीन और फसल की सटीक जानकारी मिलने से किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋण मिलना आसान हो जाता है। किसान अपने खेत और पहचान का एग्रीस्टैक पंजीयन कराने हेतु अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जा सकते हैं।

---

## कर्मचारी संघ ने नवपदस्थ बीईओ का किया स्वागत, कर्मचारी हितों से जुड़ी मांगें रखीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

राज्य कर्मचारी संघ, ब्लॉक डौण्डीलोहारा के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू से सौजन्य मुलाकात कर उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।


इस दौरान संघ ने कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व से लंबित मेडिकल अवकाश एवं नियमितीकरण के बाद देय पूरक भुगतान का शीघ्र निराकरण करने, किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध बिना पक्ष सुने निलंबन का प्रस्ताव नहीं भेजने, संकुल समन्वयकों का चयन नियमानुसार करने, सर्विस बुक के संधारण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने तथा कोष एवं लेखा कार्यालय से परीक्षण हेतु शेष कर्मचारियों की सर्विस बुक शीघ्र भेजने की मांग रखी। इसके अलावा कर्मचारी हित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू ने संघ की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष जी.एल. साहू, जिला सलाहकार दिनेश कुमार मालेकर, ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार खरे, ब्लॉक सचिव महेश कुमार जगनायक, अमित कुमार सिन्हा, तोमेश्वर कुमार देशमुख, सी.एल. पिकेश्वर, राजेश पाण्डेय, मनीराम चंद्राकर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

---

## बालोद के ऑडिटोरियम और रेलवे ओवरब्रिज को जल्द मिलेगी रफ्तार

**यशवंत जैन ने मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के बहुप्रतीक्षित ऑडिटोरियम निर्माण और रेलवे ओवरब्रिज आरओबी परियोजना को जल्द शुरू कराने की दिशा में पहल करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने रायपुर में लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर दोनों परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के संबंध में पत्र सौंपा। इस भेंट के बाद बालोद शहर की लंबित दोनो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं बहुप्रतीक्षित आधुनिक ऑडिटोरियम और रेलवे ओवरब्रिज आरओबी को जल्द गति मिलने की उम्मीद है।

इन दोनों परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने रायपुर में लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बालोद शहर के लिए घोषित ऑडिटोरियम निर्माण को जल्द धरातल पर उतारने तथा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए लंबित भू–अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया गया। इस पर लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए और लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि ऑडिटोरियम और रेलवे ओवरब्रिज दोनों ही परियोजनाएं बालोद के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण से जिले में सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नया मंच मिलेगा, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला और क्षमता प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज बनने से शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा। वर्तमान में रेलवे फाटक बंद रहने के कारण लोगों को लंबे समय तक जाम और आवागमन की परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओवरब्रिज के निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा शहरवासियों के साथ–साथ आसपास के क्षेत्रें से आने–जाने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। यशवंत जैन ने लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के सकारात्मक रुख और त्वरित पहल के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार बालोद की इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी होते ही दोनों परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। शहरवासियों को उम्मीद है कि इन लंबे समय से प्रतीक्षित विकास कार्योंं के शुरु होने से बालोद के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और शहर विकास के नए दौर में प्रवेश करेगा।

---





## 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, तैयारियों को लेकर समिति की बैठक संपन्न

**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद कार्यालय में सार्वजनिक रथ यात्रा समिति की बैठक समिति की अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्र की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भ्राता बलभद्र की विधिवत पूजा–अर्चना दोपहर 12 बजे कपिलेश्वर मंदिर में होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे भव्य रथयात्र कपिलेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर हलधर नाथ चौक, मोखलामांक्षी मंदिर, जयस्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड एवं बुधवारी बाजार होते हुए महामाया मंदिर मौसी घर पहुंचेगी। समय मिलने पर रथयात्र जयस्तंभ चौक से शीतला मंदिर, गंगासागर तालाब, नया बस स्टैंड, दल्ली चौक होते हुए पुनः पुराना बस स्टैंड तक भी जाएगी। समिति ने निर्णय लिया कि रथ को आकर्षक फूल–मालाओं से सजाया जाएगा तथा नगर के प्रमुख मार्गों पर ध्वज लगाए जाएंगे। महाप्रसाद की व्यवस्था जनभागीदारी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से की जाएगी। आयोजन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग से आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्र में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने तथा महाप्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

■ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक

---

## घनी आबादी और स्कूल के पास प्रस्तावित मोबाइल टावर का विरोध

**कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड क्रमांक 01 पारराास में घनी आबादी एवं विद्यालय के समीप प्रस्तावित मोबाइल टावर की स्थापना का विरोध करते हुए पार्शद के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर जनहित में प्रस्तावित मोबाइल टावर के निर्माण एवं स्थापना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस स्थान पर मोबाइल टावर स्थापित किया जा रहा है, वह घनी आबादी और विद्यालय के अत्यंत निकट स्थित है।

इससे स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं आसपास रहने वाले परिवारों की सुरक्षा तथा जनहित को लेकर लोगों में गंभीर चिंता व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित स्थल पर मोबाइल टावर की स्थापना तत्काल रोकी जाए तथा आवश्यकता होने पर किसी वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए। ज्ञापन मे प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। उन्होने कहा ने कहा कि घनी आबादी और विद्यालय के समीप मोबाइल टावर स्थापित किए जाने को लेकर लोगों में लगातार चिंता बनी हुई है।

■ निर्माण नहीं रुका तो चरणबद्ध आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी

प्रशासन को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल उचित कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन मे कहा है कि क्षेत्र की जनता अपनी मांग को लेकर पूरी तरह एकजुट है। यदि प्रशासन ने समय रहते जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उचित निर्णय नहीं लिया, तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर चक्का जाम कर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए भी बाध्य होंगे। इस संबंध में सौंपे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग, पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जनहित में शीघ्र निर्णय लेकर प्रस्तावित मोबाइल टावर के निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

---

# 'घर-घर मुनगा, हर घर मुनगा' अभियान का शुभारंभ आंगनबाड़ी में पौधरोपण और सुपोषण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज:अंडा

घर घर मुनगा हर घर मुनगा के तहत महिला एवं बाल विकास द्वारा 6 जुलाई को दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अछोटी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में

■ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया मुनगा पौधारोपण, 1550 आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रहा अभियान

पौधारोपण, सुपोषण एवं मुनगा पौधे का रोपण किया गया ।

कार्यक्रम प्रारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया। तत्पश्चात अतिथि देवों भव के तहत सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं छोटे छोटे ग्रिटिंग कार्ड भेंट देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा के द्वारा किया गया।

अन्य अतिथि गण जनपद सदस्य बेला यादव, मंडल अध्यक्ष लिखेश्वर देशमुख, भाजपा महामंत्री गब्बर जी, किसान मोर्चा अध्यक्ष नुकेश्वर देशमुख, भाजपा सदस्य बूथ अध्यक्ष टुम्मनलाल कोसे,



विधायक प्रतिनिधि मोरध्वज यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण यादव वरिष्ठ भाजपा अध्यक्ष कामता दिल्लीवार थे। विधायक द्वारा पौधारोपण कर अधिक से अधिक पौधा लगाने का संदेश दिया गया तथा आशा विक्की मिश्रा द्वारा पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण करने का सलाह दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जाम्बुलकर द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को घरों की बाड़ियों में भी मुनगा पौधा लगाने एवं उन्हें नियमित खाने की सलाह दी गई। जिले के 1550 आंगनबाड़ी केंद्र में घर घर मुनगा हर घर मुनगा के तहत सुपोषण पौधा मुनगा का रोपण किया जा रहा है। जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू द्वारा मुनगा खाने से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ट्विंकल, सार्थक और वेदांत 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया साथ ही आंगनवाड़ी में न्यौता भोज कार्यक्रम संतोष कुमार, अमृत व मानस अमृत के द्वारा कराया गया। महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के द्वारा गांव की महिलाओं को मुनगा तथा मुनगा भाजी खाने के फायदे के बारे में बताया गया कि मुनगा पौधा एक अत्यंत ही लाभकारी पौधा है मुनगा पौधे के सभी भाग जैसे पत्ती, फल एवं संपूर्ण पौधे में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन एवं पोषक तत्व पाए जाते हैं इसकी महत्ता को देखते हुए अफ्रीकन देशों में मुनगा को मदर्स ट्री का दर्जा दिया गया है। मुनगा में कैल्सियम की प्रचुर मात्रा होने के कारण यह शिशुवती माताओं हेतु अत्यधिक लाभकारी है इसके उपयोग से शिशु हेतु दुध की मात्रा में कमी नहीं आती और बच्चे का स्वास्थ्य सही रहता है। एवं उसका नियमित वजन बढ़ता है। मुनगा आयरन से भरपूर होने के कारण रक्ताल्पता को दूर करने में भी सहायक है। मुनगा के 100 ग्राम मात्रा के सेवन से प्रतिदिन की आवश्यकता का 64 किलो कैलोरी ऊर्जा, 1.4 ग्राम वसा, 9 मिलीग्राम सोडियम , 8.3 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 9.4 ग्राम प्रोटीन, विटामिन ए 151%, विटामिन सी 86%, कैल्सियम 18%, आयरन की 22 % मात्रा की पूर्ति हो जाती है।

कार्यक्रम के आयोजक परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण श्रीमती ऊषा झा द्वारा उपस्थित अतिथियों को पौधे रोपित पॉट भेंट देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक ममता साहू, गीतांजली भैंसारे एवं ग्राम अछोटी के सरपंच झरना दिल्लीवार, सचिव युवराज साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया रामटेके, दिनेश्वरी देशमुख, नंदिनी देशमुख आंगनबाड़ी सहायिका मानस दिल्लीवार, ऊषा दिल्लीवार, अनुसूइया, पंच उमेश्वरी देशमुख, चंद्रकला देशमुख, लोकेश कोसे एवं भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

